दिनांक–14.05.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेष में चौथे चरण में करीब 72 प्रतिषत हुआ मतदान। सभी लोकसभा की 29 सीटों पर मतदान हुआ संपन्न।
- इंदौर में 60 दषमलव 53 प्रतिषत रहा मतदान। पिछले वर्ष से कम रहा मतदान।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी लोकसभा सीट से भरेंगे नामांकन।
- प्रदेष में कई स्थानों पर आंधी, बारिष का दौर जारी। आज भी रह सकता है ऐसा ही मौसम।

समाचार विस्तार से:–

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कल देश की 96 सीटों पर मतदान हुआ । चुनाव आयोग के अनुसार करीब सरसठ दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सर्वाधिक आंध्र प्रदेश में 76.50 प्रतिशत, सबसे कम जम्मू–कश्मीर में 37.98 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र में 59.64 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 58.05 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 78.37 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

चुनाव प्रतिशत प्रदेश

प्रदेश में कल चौथे चरण में 8 लोकसभा सीटों पर 71.72 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके साथ ही प्रदेश की सभी 29 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। सर्वाधिक मतदान खरगौन में 75. 79 प्रतिशत रहा वहीं सबसे कम इंदौर में 60.53 प्रतिशत रहा। इसके अलावा देवास में 74.86 प्रतिशत, उज्जैन में 73.03 प्रतिशत, मंदसौर में 74.50 प्रतिशत, रतलाम में 72.86 प्रतिशत, धार में 71.50 प्रतिशत, और खंडवा में 70.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। प्रदेष में चार चरणों में कुल 66 दषमलव 77 प्रतिषत मतदान रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में यह आंकड़ा 71.12 प्रतिषत रहा था। इस तरह इस बार करीब 4 दषमलव 35 प्रतिषत वोटिंग कम हुई है। चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण के मतदान के अंतिम आंकड़े अभी आना षेष है, जिससे इस चरण में वोटिंग प्रतिषत बढ़ सकता है। इस बीच मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी 29 संसदीय क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न होने पर प्रदेश के सभी मतदाताओं, राजनैतिक दलों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा दलों और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश में चार चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई और 13 मई को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ।

इंदौर–मतदान

देश भर में चर्चित रही इंदौर लोकसभा सीट पर कल 60 दशमलव 53 प्रतिशत मतदान हुआ है। जो पिछले लोकसभा चुनाव से 8 दशमलव 78 प्रतिशत कम रहा। यहां 2019 में 69. 31 फिसदी मतदान हुआ था। जिले में 2 हजार 677 मतदान केन्द्र बनाए गए थे जहां पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा नाम वापसी के बाद भी इस चरण में सर्वाधिक 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। यहां युवा मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया। पहली बार मतदाता सूची में नाम शामिल होने के पश्चात युवाओं ने भी मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी मतदाताओं ने मतदान केन्द्रों पर की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। सभी विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे मतदाता जिन्हें मतदान केन्द्र तक आने–जाने में दिक्कत थी, उनकी सुविधा के लिए उन्हें ई–रिक्शा सहित अन्य वाहनों की सुविधा दी गई। महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ में रहने वाली 70 दृष्टि दिव्यांग बालिकाओं ने भी मतदान में हिस्सा लेकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। मतदान केन्द्रों पर मतदान पूर्ण करने के बाद देर शाम नेहरू स्टेडियम में मतदान दलों की सकुशल वापसी शुरू हुई। मतदान दलों के लौटने पर पुष्पाहारों से उनका स्वागत किया गया।

मौसम

प्रदेश में कल रतलाम, इंदौर और धार में तेज आंधी–तूफान के साथ बारिश हुई, जबकि धार में ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने और एक–दो स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई है। प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में तापमान बढ़ने का क्रम जारी है। कल नरसिंहपुर में 42.2 तो ग्वालियर में 42.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि जहां प्रदेश के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में वर्षा, बादल तापमान को बहुत नहीं बढ़ने देंगी, वहीं उत्तरी हिस्सों में तापमान बढ़ेगा। उत्तरी हिस्सों में 17 मई के बाद लू के हालात भी बन सकते हैं। इस बीच कल झाबुआ जिले में दोपहर से शुरू हुई बारिश आज सुबह तक जारी है। मौसम विभाग ने आज खरगौन और बुरहानपुर जिलों के लिए ओलावृष्टि और बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। हरदा, अलीराजपुर, बालाघाट, बैतुल, सिवनी सहित 18 जिलों में तेज हवा और बारिश का आरेंज अलर्ट है। 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। जिनमें भोपाल विदिशा रायसेने जिला शामिल है।

प्रधानमंत्री–नामांकन

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे। वाराणसी में सातवें और अंतिम चरण में मतदान होगा। इस चरण के लिए पर्चा भरने का आज अंतिम दिन है।

इससे पहले कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक विशाल रोड शो किया। प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक देखने के लिए सडक के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा हुए।

भोपाल पेरिस ओलंपिक

पेरिस ओलंपिक के लिए भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में चल रहे चयन ट्रायल में कल निशानेबाज मनु भाकर और आदर्श सिंह क्रमशः महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड–फायर पिस्टल के क्वालीफिकेशन राउंड में विजेता बने। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के सभी पांच निशानेबाज आज फाइनल में भिड़ेंगे। वहीं, अनीश भानवाला ने पहले प्रिसिजन चरण से दूसरे रैपिड–फायर चरण में चार अंकों की अच्छी बढ़त ले ली, लेकिन काउंटबैक में आदर्श ने उन्हें पीछे छोड़ दिया इन दोनों ने इनर 10 में समान संख्या में 583 का स्कोर पोस्ट किया। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर ने इनर–10 में ईशा सिंह को हरा दिया। ट्रायल के बाद चयन समिति की बैठक के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम टीम की घोषणा की जाएगी।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, गुजरात टाइटंस की टीम प्ले–ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई, क्योंकि कल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण बिना गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों को एक–एक अंक मिला, जिससे बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शीर्ष दो में जगह पक्की हो गई। चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सहित छह टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने की होड़ में हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- सिंगरौली जिले में पेयजल की उपलब्धता कराये जाने हेतु कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा के बैठक के दौरान पेयजल आपूर्ति के संबंध में हेण्डपंपों की वर्तमान स्थिति के संबंध में चर्चा की गई।

- पन्ना जिले में उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा युवाओं को स्वावलंबी बनाया जा रहा हे। इसके और बेहतरी के लिए लिए पन्ना सहित प्रदेश के सभी 55 जिलों में 37 विभिन्न सेक्टर में युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- डिंडौरी कलेक्टर ने बताया है कि जिले के 26वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएंगा। 25 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 180 ऐसे बच्चों को सुविधा दी जाएगी जिनके माता पिता नहीं हैं। ऐसे बच्चों के लिए आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा सुविधा आदि के बारे में अवगत कराया जाएगा।
- नीमच में स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा आज से श्रमिकों हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। श्रमिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए ये शिविर सुबह 7.00 बजे से लगेंगे। शिविर में श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
- मंडला में नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में नैनपुर के 3 ग्रामों में नरवाई जलाने वाले 48 व्यक्तियों के विरूद्ध 1 लाख 70 हजार रूपए अर्थदण्ड लगाया गया है। प्रशासन द्वारा गंभीरता से कार्यवाही की जा रही है।
- रायसेन प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में कल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाली संस्था ''जिज्ञासा घरौंदा केन्द्र'' रायसेन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।
- हरदा में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जून माह में बाल श्रम बचाव अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के लिये जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। टास्क फोर्स समिति के सदस्यों का ऑनलाइन प्रशिक्षण 16 मई को अपरान्ह 3 बजे से आयोजित किया जाएगा।

——————————————